# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ

# Ch.Charan singh university ,Meerut

उपाधि विभाग 282

दिनांक : 01.10.2020

अनुस्मारक–2

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या
स्ववित्त पोषित महाविद्यालय/संस्थान
सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

महोदय,

इस कार्यालय के पूर्व प्रेषित पत्रांक–उपाधि/227, दिनांक 29.11.2019 एवं पत्रांक उपाधि 247/दिनांक 03.06.2020 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 16.11.2019 के मद संख्या–07 के संकल्प संख्या–02 में लिये गये निर्णयानुसार आपके महाविद्यालयों/संस्थानों में संरक्षित समस्त मूल उपाधियाँ 05 कार्य दिवस में विश्वविद्यालय में वापिस मंगवाकर विद्यार्थियों को कोरियर/बाह्य एजेन्सी/स्पीड पोस्ट के माध्यम से उनके घर पर प्रेषित की जायेंगी।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि अधिकाशं महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा अपने यहाँ संरक्षित मूल उपाधियों को अभी तक विश्वविद्यालय को वापिस नहीं की गई हैं और न ही निर्धारित प्रारूप पर वांछित सूचना उपलब्ध कराई गई है, जिसे माननीय कुलपति जी द्वारा अत्यन्त गम्भीरता से लिया गया हैं।

अतः आदेशानुसार मुझे आपसे यह कहने का निर्देश हुआ है कि आपके महाविद्यालय/संस्थान में संरक्षित मूल उपाधियों को कृपया प्रत्येक दशा में 05 कार्य दिवस में विश्वविद्यालय में पत्रवाहक के माध्यम से वापिस भेजते हुए विश्वविद्यालय के पत्र संख्या–उपाधि/227, दिनांक 29.11.2019 में निर्धारित प्रारूप में सूचना संलग्न कर प्रेषित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

01. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
02. वैयक्तिक सहायक–प्रति कुलपति को प्रति कुलपति महोदया के अवलोकनार्थ।
03. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
04. प्रभारी, वेबसाईट को सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रभारी (उपाधि)